# दून विश्वविद्यालय, देहरादून

कुलसचिव कार्यालय

सं: 302/ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ/आर-डी.यू/2026 दिनांक 31 जुलाई 2026

## सूचना

विश्वविद्यालय के पत्र सं: 817/ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ/आर०डी०यू०/2025 दिनांक 28 दिसम्बर 2025, पत्र सं: 841/ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ/आर०डी०यू०/2026 दिनांक 06 जनवरी 2026 एवं पत्र सं: 914/ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ/आर०डी०यू०/2026 दिनांक- 04 फरवरी 2026 द्वारा जारी की गई सूचनाओं के क्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन/सत्यापन कर निर्गत की जानी है। कतिपय सूची में उल्लिखित 76 छात्र-छात्राओं द्वारा अपना आवेदन समर्थ पोर्टल के द्वारा भरने के उपरांत उसकी मूल प्रति (हार्ड कॉपी) अद्यतन तक छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ में जमा नही करायी गई है।

अतः उक्त क्रम में शेष 76 छात्र-छात्राओं (सूची संलग्न) को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए अवगत कराया जाता है कि, आवेदन प्रारूप की मूल प्रति समस्त स्व-हस्ताक्षरित अभिलेखों सहित दिनांक 07 अगस्त 2026 तक कक्ष सं- 108 प्रशासनिक भवन में जमा कराना सुनिश्चित करें। यदि कोई छात्र-छात्रा स्वयं प्रस्तुत हो कर अभिलेख जमा नही करा सकते तो वह अपने परिजन/सहपाठी के माध्यम से सम्बंधित विभागाध्यक्ष/स्कूल प्रभारी से अभिलेखों को सत्यापित करा मूल प्रति जमा कर सकते है।

उक्त तिथि तक वांछित कार्यवाही न कराने वाले छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति का कोई भी दावा भविष्य में विचारणीय नही होगा।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि:**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूल प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने विभागान्तर्गत अधयन्नरत शेष 76 छात्र-छात्राओं को उक्त सूचना प्रसारित करना सुनिश्चित करें। यदि सूची में सम्मिलित कोई छात्र-छात्रा द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण किया जा चुका है, तो सम्बंधित छात्र-छात्रा को भी ससमय सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।
2. आई०टी० प्रभारी को उक्त सूचना अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. समस्त सूचना पट्ट।

सहायक कुलसचिव